**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2939**
**मंगलवार, 10 मार्च, 2026/19 फाल्गुन, 1947 (शक) को उत्तरार्थ**

**सहकारी बैंक और सहकारी समितियां**

**2939. डॉ. मन्ना लाल रावतः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में कार्य कर रहे सहकारी बैंकों और सहकारी समितियों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) सहकारी बैंकों और समितियों के संचालन के लिए केन्द्र और राज्यों में कौन-कौन से प्रमुख कानून लागू किए गए हैं और इसके अंतर्गत नियंत्रण और विनियमन के लिए क्या तंत्र उपलब्ध कराया गया है;

(ग) सहकारी संस्थाओं से संबद्ध पदाधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों के प्रशिक्षण अथवा उनकी क्षमता विकास के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार सहकारी क्षेत्र में प्रौद्योगिकीय नवाचार और डिजिटलीकरण के लिए विशेष पहल कर रही है. और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) के अनुसार, राज्य-वार कुल कार्यशील शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी), राज्य सहकारी बैंकों (एसटीसीबी), प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (पीसीएआरडीबी), राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एससीएआरडीबी) और बहु-राज्य सहकारी समितियों (एमएससीएस) बैंकों की कुल संख्या **संलग्रक-1** के रूप में संलग्न है। सहकारी समितियों की राज्य-वार कुल संख्या और कार्यशील सहकारी समितियों का विवरण **संलग्नक -2** के रूप में संलग्न है।

(ख) शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) सहित प्राथमिक सहकारी समितियां संबंधित राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अधीन पंजीकृत हैं। जबकि भारत में बहु-राज्य सहकारी बैंक सहित बहु-राज्य सहकारी समितियाँ (एमएससीएस) ऐसी सहकारी समितियाँ हैं, जिनकी सदस्यता और संचालन एक से अधिक राज्यों में फैले हुए हैं, और जो बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (2023 में संशोधित) के अधीन पंजीकृत हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) के तहत यूसीबी, डीसीसीबी, एसटीसीबी और एमएससीएस बैंकों के केवल बैंकिंग कार्यों का विनियमन और

पर्यवेक्षण करता है, जिसमें लाइसेंसिंग, पूंजी पर्याप्तता और ऋण मानदंड जैसे क्षेत्र शामिल हैं । इनका सहकारी प्रशासन और प्रबंधन, जैसे कि सदस्यता, उप-विधियाँ, निर्वाचन और संपरीक्षा, संबंधित राज्य सहकारी पंजीयक या सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक (सीआरसीएस) जैसा भी लागू हो के अधीन रहते हैं ।

(ग) से (ङ)    सहकारिता मंत्रालय ने दिनांक 6 जुलाई, 2021 को अपनी स्थापना के बाद से, सहकारी क्षेत्र में क्षमता निर्माण, तकनीकी नवाचार और डिजिटलीकरण के लिए 'सहकार-से-समृद्धि' की परिकल्पना को साकार करने हेतु कई पहलें की हैं। इन प्रमुख पहलों में शामिल हैं:

- 20 प्रशिक्षण संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से देश भर के सदस्यों, निदेशक मंडल, सहकारी समितियों के कर्मचारियों, राज्य के अधिकारियों और महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) के माध्यम से क्षमता निर्माण और कौशल विकास कार्यक्रम।
- आज की तिथि तक, देश भर के इन प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा 10,11,359 प्रतिभागियों के लिए 16,404 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।
- नाबार्ड  के माध्यम से संचालित क्षमता निर्माण कार्यक्रम, जो ई-पैक्स  सॉफ्टवेयर अर्थात् ईआरपी सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।
- त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी (टीएसयू) की स्थापना।
- पैक्स को सशक्त करने के लिए भारत सरकार द्वारा 2925.39 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ कार्यशील पैक्स के कंप्यूटरीकरण की एक परियोजना को अनुमोदित किया गया  है, जिसके अंतर्गत देश के सभी कार्यशील पैक्स को एक कॉमन ईआरपी आधारित राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर लाना शामिल है । परियोजना के अंतर्गत 31 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के संस्वीकृत कुल 79,630 पैक्स में से, 61,478 पैक्स को ईआरपी सॉफ्टवेयर पर ऑनबोर्ड  कर लिया गया है।
- दीर्घकालिक सहकारी ऋण ढांचे को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा 13 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में फैले कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) की 1,867 इकाइयों के कंप्यूटरीकरण की परियोजना को अनुमोदित किया गया है । नाबार्ड इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है। अब तक 10 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उन्हें संस्वीकृत कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, हार्डवेयर के प्रापण, डिजिटलीकरण और सपोर्ट सिस्टम स्थापित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में 10 राज्यों/ राज्यक्षेत्रों को 10.89 करोड़ रुपये  की भारत सरकार की हिस्सेदारी  जारी कर दी गई है।
- पैक्स की आदर्श उपविधियां, जो भंडारण, प्रसंस्करण, एलपीजी वितरण और कॉमन सेवा केंद्रों  जैसी कार्यकलापों के विविधीकरण को सक्षम बनाते हैं, जिससे बेहतर शासन मानकों को सुनिश्चित किया जा सके और सदस्य-केंद्रित कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके।
- सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना।

******

**संलग्नक-1**

**कार्यशील शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी), राज्य सहकारी बैंकों (एसटीसीबी), प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (पीसीएआरडीबी), राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एससीएआरडीबी) और बहु-राज्य सहकारी समितियों (एमएससीएस) बैंकों की राज्यवार संख्या**

| क्रम सं. | राज्य का नाम | यूसीबी | डीसीसीबी | एसटीसीबी | पीसीएआरडीबी | एससीएआरडीबी | एमएससीएस बैंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 35 | 13 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 8 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बिहार | 1 | 23 | 1 | 0 | 1 | 1 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 12 | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | दिल्ली | 15 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | गोवा | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गुजरात | 203 | 18 | 1 | 0 | 1 | 12 |
| 11 | हरियाणा | 5 | 19 | 1 | 19 | 1 | 2 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 4 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 14 | झारखंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | कर्नाटक | 237 | 21 | 1 | 181 | 1 | 0 |
| 16 | केरल | 45 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | लद्दाख | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 24 | 38 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | महाराष्ट्र | 434 | 31 | 1 | 0 | 0 | 38 |
| 21 | मणिपुर | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | मेघालय | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | मिजोरम | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | नागालैंड | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | ओडिशा | 8 | 17 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | पुडुचेरी | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 27 | पंजाब | 7 | 20 | 1 | 89 | 1 | 0 |
| 28 | राजस्थान | 29 | 29 | 1 | 36 | 1 | 4 |
| 29 | सिक्किम | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | तमिलनाडु | 102 | 24 | 1 | 176 | 1 | 1 |
| 31 | तेलंगाना | 48 | 9 | 1 | 0 | 1 | 3 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 51 | 51 | 1 | 0 | 1 | 5 |
| 35 | उत्तराखंड | 5 | 10 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 41 | 5 | 1 | 24 | 1 | 2 |
|  | **कुल** | **1330** | **340** | **34** | **526** | **14** | **69** |

*स्रोत: दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार एनसीडी (NCD) पोर्टल*

**संलग्नक-2**

## राज्य-वार सहकारी समितियों की कुल संख्या

| क्रम सं. | राज्य का नाम | सहकारी समितियों की कुल सं. | कार्यशील समितियों की कुल सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2,239 | 1,207 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 18,183 | 12,439 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,461 | 1,014 |
| 4 | असम | 12,427 | 7,772 |
| 5 | बिहार | 27,387 | 22,344 |
| 6 | चंडीगढ़ | 476 | 196 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 11,845 | 10,245 |
| 8 | दिल्ली | 5,944 | 1,939 |
| 9 | गोवा | 5,593 | 3,153 |
| 10 | गुजरात | 86,519 | 79,386 |
| 11 | हरियाणा | 34,673 | 15,604 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 5,791 | 4,985 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 10,620 | 9,003 |
| 14 | झारखंड | 12,091 | 8,016 |
| 15 | कर्नाटक | 46,969 | 40,368 |
| 16 | केरल | 19,652 | 15,130 |
| 17 | लद्दाख | 275 | 168 |
| 18 | लक्षद्वीप | 43 | 31 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 53,965 | 26,623 |
| 20 | महाराष्ट्र | 2,25,986 | 2,19,941 |
| 21 | मणिपुर | 11,627 | 5,300 |
| 22 | मेघालय | 3,452 | 2,975 |
| 23 | मिजोरम | 1,560 | 1,270 |
| 24 | नागालैंड | 7,955 | 1,830 |
| 25 | ओडिशा | 8,362 | 7,757 |
| 26 | पुडुचेरी | 464 | 401 |
| 27 | पंजाब | 19,662 | 11,906 |
| 28 | राजस्थान | 41,969 | 25,704 |
| 29 | सिक्किम | 3,768 | 1,416 |
| 30 | तमिलनाडु | 23,210 | 21,240 |
| 31 | तेलंगाना | 60,858 | 47,504 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 597 | 379 |
| 33 | त्रिपुरा | 3,270 | 2,223 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 40,709 | 22,681 |
| 35 | उत्तराखंड | 6,393 | 4,409 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 32,142 | 22,985 |
| | **कुल** | **8,48,137** | **6,59,544** |

*स्रोत: दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार एनसीडी (NCD) पोर्टल*